आर्योदय

ARYODAYE

LET US LOOK AT EVERYONE WITH A FRIENDLY EYE

- VEDA

Weekly Aryodaye No. 522 ARYA SABHA MAURITIUS *16th Sept. to 23rd Sept. 2021*

Arya Bhawan, 1 Maharshi Dayanand St., Port Louis, Tel : 2122730, 2087504, Fax : 2103778, Email ID : aryamu@intnet.mu

ततो विराडजायत विराजोऽअधि पूरुषः । स जातोऽअत्यरिच्यत पश्चाद्भूमिमथो पुरः ।।

यजुर्वेद ३१/५

ततो विराडजायत – हे मनुष्य ! वे सनातन पूर्ण परमात्मा प्रकाशमान विराट् रूप में प्रकट होते हैं ।

विराजो अधि पूरुषः – विराट् संसार के ऊपर ईश्वर स्थित हैं । उनके निर्णय से ये बनते और मिटते हैं।

स जातो अत्यरिच्यत – उत्पन्न करने वाले इस जगत् से अलग होते हैं ।

पश्चाद्भूमिमथो पुरः – ईश्वर पहले से प्रसिद्ध हैं, धरती पर जीवितों और अचरों को उत्पन्न करते हैं ।

हिन्दी में यजुर्वेद

अनुवादक : पंडित राजमन रामसाहा

From the Chief Editor's Desk

Thought of the week

There are four very important words in life : love, honesty, truth and respect. Without these in your life, you have nothing.

The World We Live In

We have to mention it frankly and plainly. We are not living in the best of times. The world, our world, is in the throes of problems of all sorts and is subject to ills in all their forms. On the International scene there are lots of happenings which involve the survival of human beings. We cannot afford to turn a blind eye to them.

People are fleeing from their country. They are scrambling to get on board a plane. They want to find a better place for their own safety and that of their near and dear ones. Soldiers are killed in explosions while they are on duty away from their families.

The Harsh Realities of Life

We have to think about the plight of refugees. They have to live in conditions which are harsh at times. They find shelter under tents in the open and have to adapt to new conditions. There are times when, due to the sanitary conditions prevalent, there is the danger of epidemics. We have a special thought for the children who have to be educated in makeshift schools.

So many people, children included, have lost their lives when the overcrowded boats on which they were sailing in quest of asylum unfortunately capsized. When human beings are desperate they do not hesitate to put their lives at risk.

There are people who have to cope with their personal problems. There are those who are sick and are aware that the end is near. They are faced with a reality we cannot imagine for we are not in their predicament. Everyone has a reality to face and it differs from person to person. We can call it the human condition. From childhood to their last hour, human beings have to face hurdles and they are of different kinds.

Violence in All Forms

We are shocked by what we read and hear. The happenings around us must lead us to pause a while and think about the environment in which we are living and in which our grandchildren are growing up. Violence -- verbal and physical -- should be vehemently condemned.

Cruelty of Humankind

Violence has always prevailed. It takes a variety of forms as it is expressed in different ways. Human beings are harsh not only towards fellow human beings. We witness cruelty in their acts of violence towards animals. Across the world, there are many people who have, of their own accord, opted for vegetarianism because they have become conscious of how animals are bred in captivity and slaughtered for human consumption.

We laud the efforts of organizations which have at heart the welfare of dogs and cats which are abandoned. These animals play an important role in our lives.

There are countries, for example, where dogs are specially trained to help the blind in their daily activities.

What can we say about man's cruelty to man? We are mentioning only some examples which should, in no way, leave us indifferent. We are all vulnerable. People like us who are law abiding, respectful of others and go about their usual activities without provoking others have been attacked. Both men and women, irrespective of their age groups, can at any time be the prey of predators. It is a reality.

The Social Scene in Mauritius

Even before the pandemic hit our island, people were afraid to go out at dusk. We must think twice when we have to leave our homes. Robberies are committed in broad daylight and at night. We have many times mentioned how people's behaviour change when they are reeling under the effects of alcohol and drugs (synthetic or otherwise).

Our readers are aware of cases of murder, parents complaining that they are harassed by their children who want money to buy drugs. There are instances, it is sad to say, when parents receive blows. There is one tragic case of a mother who has lost her life.

Home, Sweet Home

We cannot say that these sad happenings cannot be avoided. The Arya Sabha Mauritius requests its members to take stock of contemporary reality and to avoid the pitfalls. Strong ties should bind family members. Families have to be healthy. People must be conscious in what company they move. They should be strong enough to avoid temptations. To have the will to combat evil we must have a strong character and the ethics that accompany it.

It is in the home that the character of a person draws its sustenance. It is a place where joys and sorrows are shared, where solutions to problems are found and where responsible future citizens are bred.

Let us together fight the evils at their origin and lessen their impact. We are aware that it is not easy. With noble thoughts and willpower we can definitely minimize their impact.

O.N. Gangoo

सम्पादकीय

दो आदर्श नेताओं का स्मृतिशेष

महामानवों के अद्वितीय गुण-कर्म, तपो-त्याग और परोपकार हमारे लिए प्रेरणादायक होते हैं। उनके अद्‌भुत और आदर्श जीवन हमारे लिए शिक्षाप्रद होते हैं। इसीलिए हमें उन महामानवों के त्यागमय जीवन से सदा शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। ऐसे अनेक आदर्श नेता हुए, जो अपने हितकारी कर्मों के कारण अपना नाम अमर कर गए । इनमें एक हैं परतन्त्र मॉरीशस के उद्धारक स्वर्गीय सर शिवसागर रामगुलाम जी और दूसरे मॉरीशस में आर्यसमाज के महा प्रचारक स्वर्गीय मोहनलाल मोहित जी ।

सर शिवसागर रामगुलाम जी ने महात्मा गांधी तथा अन्य राष्ट्रीय क्रान्तिकारियों से प्रेरित होकर मॉरीशस को स्वतन्त्र करने का महा संकल्प लिया था और आर्य नेता मोहनलाल मोहित जी ने आर्यसमाज के प्रवर्त्तक महर्षि दयानन्द जी तथा अन्य आर्य नेताओं से प्रभावित होकर इस देश में वैदिक धर्म द्वारा एकता तथा प्रेम-भाव से जीने का प्रचार किया था। उन दोनों महामानवों में गहरा सम्बन्ध स्थापित था। उनके सद् विचार, तपोत्याग, उद्देश्य और दूरदर्शिता में भी समानता थी।

डॉक्टर शिवसागर रामगुलाम जी ने राष्ट्रीय उत्थान में अपना जीवन समर्पित कर दिया था और दूसरे ने आर्यसमाज के आंदोलन में अपना सारा जीवन निछावर कर दिया। इसीलिए दोनों महापुरुष इस देश के नागरिकों के लिए आदर्श मानव माने जाते हैं।

उन दो सपुतों की जन्म-तिथि एवं कार्य को हम अपने पाठकों को पुनः याद दिला देते हैं। राष्ट्रपिता सर शिवसागर रामगुलाम जी का जन्म १८ सितम्बर १९०० ई० को बेल रिव ओलिविया के एक गरीब परिवार में हुआ था और आर्य नेता मोहनलाल मोहित जी का जन्म २२ सितम्बर को लावेनीर सेंपियेर में एक साधारण परिवार में हुआ था।

सर शिवसागर रामगुलाम के संघर्षमय राष्ट्रीय आंदोलनों से १२ मार्च सन् १९६८ ई० को ब्रिटिश साम्राज्य के दीर्घकालिक बन्धन से हमारा देश स्वतन्त्र हो पाया। स्वतन्त्रता-प्राप्ति के बाद वे देश के प्रथम प्रधानमन्त्री की हैसियत से देशोन्नति में समर्पित हो गए और शीघ्र ही देश-विदेशों में उनकी ख्याति बढ़ने लगी। फिर वे 'राष्ट्रपिता' के नाम से प्रसिद्ध हो गए ।

इसी प्रकार आर्य पुत्र मोहनलाल मोहित जी भी स्वदेशी एवं भारतीय आर्य नेताओं से प्रभावित होकर निःस्वार्थ भाव से लगभग ८० वर्षों तक सक्रिय होकर अपने व्यक्तित्व, सुसंस्कार, सेवा-भाव, पुरुषार्थ, साहस, परोपकार, आत्मविश्वास, ईश्वर-भक्ति, नियन्त्रित एवं अनुशासित जीवन से यहाँ वैदिक-धर्म के आधार पर बहुत-से नागरिकों के अज्ञान, अन्धविश्वास, मतभेद और द्वेष दूर करते रहे । उनके दीर्घकालीन सामाजिक आंदोलनों से प्रभावित होकर सभी आर्य परिवार उन्हें आर्य नेता कहते थे। मॉरीशस के इतिहास में जिस प्रकार सर शिवसागर रामगुलाम जी का नाम अमर है, उसी प्रकार यहाँ आर्यसमाज के इतिहास में स्वर्गीय मोहित जी का नाम अमर रहेगा ।

चाचा रामगुलाम जी ने यहाँ आज़ादी का चौरंगा झंडा ऊपर उड़ाने का जो व्रत लिया था, वह पूरा किया था। उसी प्रकार मोहनलाल मोहित जी ने यहाँ के मंदिरों में 'ओ३म्' ध्वज फहराने का जो प्रण लिया था, वह भी पूरा हुआ। चाचा रामगुलाम ने राष्ट्रीय प्रेम का डंका बजाकर इस देश को आज़ाद किया तो मोहित जी ने सामाजिक प्रेम का नाद बुलन्द करके सभी हिन्दुओं में एकता स्थापित की। देश के सामाजिक और राष्ट्रीय उत्थान में दोनों सुपुत्रों ने बड़े ही सराहनीय कार्य किये । हम सभी उनके ऋणी हैं।

स्वर्गीय रामगुलाम जी की १२१ वीं वर्षगाँठ तथा स्वर्गीय मोहित जी की ११९ वीं वर्षगाँठ मनाते हुए, हमें दोनों के प्रेरणादायक जीवन से परोपकारी बनने का पाठ सीखना है । इन दोनों सितारों की स्मृति हमारे हृदय में सदा स्मरणीय रहेगी ।

बालचन्द तानाकूर

Saving our saviour - the stratospheric ozone layer

Ravindrasingh Gowd, Arya Bhushan, Agricultural Chemist

The international day for the preservation of the stratospheric ozone layer is observed annually on the 16th of September following its proclamation on the 19th December 1994 by the General Assembly of the United Nation .This important event is commemorated to mark the signature of the Montreal Protocol in 1987 for the preservation of the stratospheric ozone layer from depletion due to the use of the chlorofluoro carbon compounds known as CFC's. The 2021 theme of World Ozone Day Is ***"Ozone for life: 36 years of Ozone Layer Protection"*** . One of the best way to celebrate the World Ozone Day is to inform the world population of the importance of the protection of this stratospheric ozone layer for our survival.

What is Ozone layer and where is it found ?

Ozone is a gas, with the chemical formula O3 . Ozone constitutes a very small part of our atmosphere, referred to as the ozone layer, but its presence is nevertheless vital not only to man but all living organisms . Most ozone resides high up in the Stratosphere which is the second layer of the atmosphere above the Troposphere between 10 and 40km above Earth's surface. The ***stratosphere*** contains about 90% of all the ozone gas in the atmosphere. The ozone of this layer is referred to **"good ozone"** as it acts as a shield protecting the surface of our Planet Earth from the harmful ultraviolet radiation coming from the Sun. If this shield was to weaken, we would be susceptible to impaired immune system, eye problems, skin cancer and we would end up with an impaired ecosystem. It is to be noted that the stratospheric ozone, is referred as good ozone.



However, some 10% of the ozone found in the ***troposphere***, the first layer of the atmosphere at ground level , referred as **"bad ozone"** has its source from chemical reactions between oxides of nitrogen and volatile organic compounds(VOC). This happens when pollutants emitted by cars, industrial boilers, chemical plants, and other sources, chemically react in presence of sunlight. This tropospheric industrial source of ozone has a direct bearing on the health of man and negative impact on vegetations.

Good Ozone formation. In the stratosphere, ozone formation is carried out in multiple chemical processes in presence of sunlight through a process called photolysis of oxygen molecules by UV light into two oxygen atoms and these oxygen atoms again combine with oxygen molecules forming one ozone molecule(O3). Ozone is again broken down into an oxygen atom and molecular oxygen by absorbing UV radiation. Thus these reactions occur continuously giving a balance between production and destruction of ozone. However, with the excessive



use of ozone depleting products like the Chlorofluorocarbons (CFC's), the destruction of ozone molecules is accelerated. One chlorine atom can destroy over 100,000 ozone molecules before it is removed from the stratosphere. Ozone gas can be destroyed more quickly than it is naturally created and this condition gives rise to what is called the **"ozone hole"**. Lots of works have been done and research in this area is still going on to find substitutes for the CFC's.

Late Mario Molina was a chemist whose work on the ozone layer earned him a Nobel Prize in 1995. Mario Molina's work was crucial to enacting the Montreal Protocol on Substances that Deplete the Ozone Layer in 1987, and it made him one of the most consequential scientists of the past 50 years.

HCFCs (hydrochlorofluorocarbons) as a substitute are widely being used in the refrigeration, foam, solvent, aerosol and fire fighting sectors as a transitional substance to substitute CFCs. HCFCs are also used as feedstock (raw material) in the production for other chemical products. HCFCs were introduced in the 1990's as alternative chemicals for CFCs and added to the list of substances controlled by the Montreal Protocol. It was acknowledged at the time that these chemicals, with considerably lower ozone depleting potentials (ODP), were transitional and their production and consumption was also to be phased out under the Montreal Protocol. Although having considerably lower ozone depleting potentials than CFCs, many HCFCs have high global warming potentials , of up to 2000 times that of carbon dioxide.

Awareness among the stakeholders including industries and the general public plays a vital role in the phase-out of ODSs (ozone depletion substances) and protection of the Ozone Layer.

Let us all join hands together and move to save our home Planet Earth for a better future free from pollution.

सभी संध्या करें

सत्यदेव प्रीतम, जी.ओ.एस.के., आर्य रत्न, सहसम्पदाक

स्वामी दयानन्द सरस्वती ढाई-तीन साल स्वामी विरजानन्द की पाठशाला में गहरा अध्ययन करने के बाद निकले और वेदों का प्रचार-प्रसार और देशोधार करने का वचन दिया तो सबसे पहले ताजमहल वाले शहर आगरा में डेरा डाला। लगभग ढाई साल तक वहाँ रहे। वहीं पर अपना लेखन-कार्य शुरू किया और 'पंच-महायज्ञ' नामक पुस्तिका लिखी, जिसमें पाँच यज्ञों का उल्लेख किया । सबसे पहला यज्ञ था – १. ब्रह्म-यज्ञ जिसको संन्ध्या के नाम से जानते थे। दूसरा देवयज्ञ, जिसको हवन व अग्नि-होत्र बोलते हैं। तीसरा पितृ-यज्ञ, चौथा अतिथि-यज्ञ और पाँचवा भूत-यज्ञ या बलिवैश्व-यज्ञ – चिंटी, चिड़िया, कीट-पतंग आदि जीवों को खाने के पदार्थ देते हैं ।

इस छोटी सी संन्धया की पुस्तक प्रकाशित होने से पहले लोग सुबह-शाम सन्धि बेला में संन्ध्या कैसे करते होंगे यह जानने की बात है।

सन्ध्या क्यों करनी चाहिए ? इस प्रश्न का उत्तर देने से पहले, दूसरा प्रश्न उठता है। वह है - सन्ध्या क्या है ?

उत्तर में कहेंगे – संध्या का दूसरा रूप है परमपिता परमात्मा को धन्यवाद देना । क्यों धन्यवाद देंगे ?

जब हम बचपन में स्कूल जाते थे तो कक्षा में अपने सहपाठियों के साथ बैठते थे। लिखित- कार्य करते थे। जब कापी में एक लाइन काटते थे या एक हासिया निकालते थे और जब अपना पैमाना (रूलर) पास नहीं होता था तो अपने पास बैठे साथी वह मोहन हो, या सोहन होता तो बोलते - - *"अपना रूलर दो मैं एक लाइन काटूँगा या एक हासिया निकालूँगा और जब वापस करते तो कहते, 'बहुत धन्यवाद"*।

अब सोचिये – एक मामूली पैमाने के लिए मित्र को धन्यवाद देते थे और आज भी देते है, तो क्या परमात्मा ने हमें इतने कुछ दिये हैं, बेशुमार चीज़े । केवल जड़ वस्तुएँ ही नहीं । परमात्मा ने हमें माँदी है, बाप दिया है , भाई-बहन दिये हैं। केवल यही नहीं, हमें इतना सुन्दर शरीर दिया है। शरीर में दस इन्द्रियाँ दी हैं ज्ञान प्राप्त करने के लिए ज्ञानेन्द्रिय, कर्म करने के लिए कर्मेन्द्रिय, हमें बुद्धि दी है। उस बुद्धि की वृद्धि के लिए वेद-ज्ञान दिया है, जीने के लिए प्राण दिये हैं। एक ही नहीं दस प्राण दिये हैं। जब दाँत नहीं था तो माँ की छाती में दूध दिया था । जब दाँत निकल आये तो ठोस भोजन के लिए चावल-आटा, तरह-तरह की सब्ज़ियाँ आदि दीं। भगवान् द्वारा प्रदत् पदार्थों की गिनती समाप्त हो जाएगी, पर भगवान् का दिया हुआ समाप्त नहीं होगा ।

कृतज्ञता प्रकट करते हुए एक भक्त ने क्या ही ठीक लिखा है – *"....सब कुछ देकर हमें दिया है। मोक्ष मार्ग का पावन ज्ञान।"* किसी भी मनुष्येत्तर जीव को मोक्ष प्राप्ति का ज्ञान नहीं दिया है परमात्मा ने।

स्मरण रखने की बात है कि हम मानव ८४ लाख योनी में सर्वश्रेष्ठ हैं। परमात्मा ने केवल हमें ज्ञान दिया है। पशु-पक्षी और अन्य प्राणियों को नैसर्गित (Instict) बुद्धि दी है ।

हम मानव को, मनुष्य को परमात्मा ने पशु-पक्षी से बहुत अधिक बुद्धि प्रदान की है और ज्ञान अर्जित करने के लिए ज्ञानेन्द्रियाँ दी हैं। हम वेद के ज्ञान से अपनी बुद्धि को कानों से सुनकर, आँखों से देखकर, नाक से सूँघकर, कानों से सुनकर और त्वचा के स्पर्श द्वारा बढ़ाते हैं। विद्वानों द्वारा रचित किताबों को पढ़कर अपने अनुभव को बढ़ाते है। इसलिए स्वाध्याय की महीमा को इतना ऊँचा स्थान दिया गया है। केवल ब्रह्मचर्य आश्रम में ही नहीं पढ़ते बल्कि शेष तीसरे आश्रम में भी स्वाध्याय का प्रावधान है। मृत्यु परयन्त पढ़ने रहना चाहिए ।

इस विषय में मनुमहाराज ने अपनी 'स्मृति' में कहा है – **'..... बुद्धिर्ज्ञानेन शुध्यति ।'**

ज्ञान से बुद्धि की शुद्धि होती है ।
जल से या साबुन से नहीं ।

अब अन्त में इस लेख को विश्राम देने के लिए हम मनु जी महाराज की एक और उक्ति उद्धृत करते हैं –

न तिष्ठति तु यः पूर्वां नोपास्ते यश्च पश्चिमाम् ।
स शूद्रवद् बहिष्कार्यः सर्वस्माद् द्विजकर्मणः ।।

अर्थ – जो मनुष्य नित्य प्रातः और सायं को सन्ध्योपासना नहीं करते, उसको शूद्र के समान समझकर द्विज-कुल से अलग करके शूद्र-कुल में रख दें।

इतना है सन्ध्योपासना का महत्व। इसलिए पाठकवृन्द जो सुबह-शाम सन्ध्या नहीं करता होगा तो अविलम्भ शुरू कर दे। जो भगवान् की वाणी में न कर सके तो लोक भाषा में करे, पर भगवान् को धन्यवाद दे। भगवान हर भाषा को समझता है ।

पढ़ो वेद और सत्यार्थप्रकाश

म. जगेश्वर, पेचीत जीली



पढ़ो वेद और सत्यार्थप्रकाश बुद्धि-बल का होगा विकास
सत्य विचार से भाई-बन्धु छूलो आकाश
कहत जगेश्वर जीवन में मत होना कभी उदास
सच्चे मन से मेहनत करो, प्रभु पर रख विश्वास
उनकी कृपा से पूर्ण होगी सभी के मन की आश
पूर्वज हमारे आए थे यहाँ बनके मज़दूर अरुदास
साथ लाए थे अपने धर्म ग्रन्थ और सत्यार्थप्रकाश
पढ़-पढ़ उसे जीवन में अपने वे लाए प्रकाश
मेहनत करने से न होते थे वे कभी हताश
न ही दुख-भरे जीवन से होते थे वे उदास
हक माँगने पर दे दिया जाता था उन्हें कारावास
फिर भी हुए न वे अपने जीवन में कभी निराश
प्रेम-प्यार से सभी ने किया यहाँ आर्य संस्कृति का विकास
खून-पसीने से अपने इस धरती को दी मिठास
उत्पन्न होती है जिसपर गन्ने की मिठास
हुआ है उनकी कड़ी मेहनत से मॉरीशस में आर्थिक विकास
जन-जन के जीवन में आज देखा जा रहा है उल्लास
हाँ ! पढ़ो वेद और सत्यार्थप्रकाश से बुद्धि हो बल का विकास
सत्य विचार से भाई-बन्धु छूलो आकाश ।

Shri Mohunlall Mohith Ji, un des illustres et inoubliables pionniers de l'Arya Samaj

Naraindra Ghoorah, P.M.S.M., Arya Ratna

Le 22 Septembre de chaque année est une date mémorable dans les annales de l'histoire de l'Arya Samaj de L'île Maurice. C'est le moment solennel où tous les Arya Samajistes de notre pays ont une pensée spéciale à Shri Mohunlall Mohith Ji, le leader légendaire et historique de L'Arya Samaj qui naquit le 22 Septembre 1902 à L'Avenir St. Pierre.

Né dans une famille puranique (orthodoxe), pieuse et disciplinée, il joignit le Mouvement de L'Arya Samaj à un très jeune âge (18ans) après sa rencontre à Montagne Longue avec Pandit Cashinath Kistoe, prêtre de L'Arya Samaj de la religion Védique qui affrontait un prêtre puranique dans un débat théologique (*Shastrarth*).

Pandit Cashinath Kistoe remporta ce débat d'une façon très convaincante. Ses arguments irréfutables étaient basés sur la vérité transcendante de la religion Védique.

Ce débat remit Shri Mohith Ji sur la bonne voie de la religion Védique en éclaircissant tous les doutes qu'il entretenait au sujet de la religion orthodoxe aussi bien que la remise en question de sa croyance en Dieu après un incident fâcheux avec un prêtre puranique pendant une session de Ramayana.

Par ses contacts fréquents et ses entretiens fructueux avec Pandit Cashinath Kistoe, Shri Mohith Ji ne tarda pas à être imbu des principes et du projet de société de l'Arya Samaj et des valeurs de la religion Védique basées sur la rationalité.

Bien que Shri Mohith Ji n'avait pas eu l'occasion en ce temps lointain de fréquenter une institution d'éducation primaire ou secondaire pour une éducation formelle, il fut un autodidacte (a self-made man).

Etant un humaniste convaincu, il descendit dans le domaine social du Mouvement de l'Arya Samaj visant l'éducation pour tous sans distinction aucune, la propagation de la religion Védique basée sur le monothéisme et la rationalité, les valeurs humaines, le droit égal de l'homme et de la femme, la justice, l'équité entre autres. Pendant plus de quatre-vingts années, tout en honorant sa responsabilité comme père de famille et en s'occupant de ses affaires personnelles, il parcourut, la plupart du temps à pied, L'île Maurice entière en visitant les villes et les villages éloignés, en rencontrant les gens, leur conseillant de l'apprentissage de la langue Hindi, leur inculquant les valeurs Védiques, le monothéisme, les prières, les rites, les principes de l'Arya Samaj etc. Il établit plusieurs branches de l'Arya Samaj. Il aida les gens, même financièrement, à construire un Baitka ou un Arya Mandir dans leurs localités.

En même temps il identifiait les jeunes hommes, les dames et autres personnes intègres et dévouées et les invitait à servir Arya Sabha dans la propagation de la religion Védique et les activités de L'Arya Samaj. Il menait aussi un combat sans merci contre l'alcoolisme, le tabagisme, la consommation de substance nocive, L'idolâtrie, la sorcellerie et autres pratiques répréhensibles pour le bien-être et le progrès de tout le monde dans la société.

Il servit Arya Sabha corps et âme en plusieurs capacités dans le comité Exécutif, organisa plusieurs activités au niveau national et dans toutes ses branches. Il contribua aussi à la direction de l'Aryodaye, l'organe hebdomadaire de l'Arya Sabha.

En 1973 il organisa une conférence Internationale de l'Arya Samaj à Port Louis. Plus de mille délégués de l'Arya Samaj de plusieurs pays du monde vinrent participer. Ce fut un succès retentissant. Sachons que toutes les activités qu'il organisait, il n'était pas seul, mais il avait la collaboration de tous le s membres de L'Arya Sabha.

Shri Mohith Ji établit et garda contact avec tous les dirigeants de l'Arya Samaj de L'Inde, et d'autres pays. Il fit des donations dans plusieurs domaines de leurs activités.

Pour consolider et perpétuer le mouvement de l'Arya Samaj, il établit plusieurs institutions telles que 'Mohunlall Mohith Foundation', le 'Maharishi Dayanand Institute' entre autres.

Il fit aussi venir à l'ile Maurice de grands sages et des missionnaires Védiques de l'Inde pour propager la religion Védique.

Il fit don de son propre terrain pour la construction de L'Arya Samaj Mandir de L'Avenir a un emplacement prépondérant du village. Il construit aussi le bâtiment de l'école primaire de L'Avenir qui porte son nom.

En outre il fit plusieurs autres donations conséquentes et encouragea aussi la construction des institutions de l'éducation, de la santé et d'autres institutions humanitaires telle que des hospices.

Il encouragea et aida L'Aile Féminine de l'Arya Sabha à s'affirmer, à jouer pleinement leur rôle par des activités, des conseils et autres actions visant le bien-être de la gent féminine.

Dans le domaine de l'éducation il y a eu la construction de *DAV Colleges* à Port Louis. Pour les prêtres, voire les *purohits* il organisa des cours de formation pour qu'ils aient une compétence dans le domaine de la théologie et de l'accomplissement des rites et des sacrements.

En ce qui concerne la propagation de la langue Hindi, il commença par l'enseigner dans la baitka de son propre village et puis il le propagea à travers l'ile avec l'aide des volontaires. Il a écrit l'histoire de L'Arya Samaj de L'île Maurice.

Shri Mohunlall Mohith Ji menait une vie disciplinée et il était un végétarien, Il ne consommait pas d'alcool ou de substance nocive. Il mettait en pratique à la lettre la religion et la culture Védique. Il était une personne intègre, non-agressive, avenante et très humble. A la suite il était béni d'une longue vie très fructueuse par le Seigneur et vécu jusqu'à l'âge de 103 ans.

Par sa contribution immense, il nous a laissé un bilan très riche et éloquent (parlant/ qui saute aux yeux) pour nous inspirer à travailler aussi dur afin de tenir très haut dans le firmament des religions du monde la bannière et le flambeau de L'Arya Samaj voire de la religion Védique légué à la postérité par Swami Dayanand Saraswati.

Sous d'heureux auspices de son anniversaire nous saluons très bas cette grande âme que fut Shri Mohunlall Mohith Ji, ce géant de l'Arya Samaj de L'île Maurice qui marqua son histoire de ses empreintes indélébiles.

बुरा जो देखन मैं चला –

डॉ० शांति मोहाबीर, एम.ए.,पी.एच.डी.

आत्मा का उत्कर्ष करना मानव-जीवन का परम लक्ष्य है। आत्मोत्कर्ष के लिए आत्मनिरीक्षण की अति आवश्यकता होती है। अपने अंतःकरण में घर कर चुकीं बुराइयों से छुटकारा पाने का भरसक यत्न करना पड़ता है। इसीलिए संतकबीर की पंक्तियाँ कहती हैं कि –

बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय ।
जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय।।

दूसरों में बुराई ढूँढ़ना कुछ लोगों की आदत सी होती है । जिन व्यक्तियों में ये लोग त्रुटियाँ तलाशते हैं, उनके आगे तो उनकी प्रशंसा के पुल बाँधते हैं। लेकिन उनकी पीठ पीछे उनकी आलोचना करते अघाते नहीं हैं।

मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि अंदर दबी हुई कुंठा के कारण, आदमी में औरों की बुराई करने की लत लग जाती है। स्वभाव से उग्र और अशांत इनसान को प्रायः यह एहसास ही नहीं होता है कि उनकी बातों से दूसरों पर कितना असर हो सकता है। उनके लगातार बुराई करते रहने से उनके अच्छे दोस्त उनसे नाता तोड़ लेते हैं। उनपर अविश्वास करते हैं।

सफल होना सब चाहते हैं, परन्तु संघर्ष करने से कतराते हैं। इसलिए सरल रास्ता अपनाते हैं। दूसरों को काटकर अपनी राह मज़बूत करते हैं। वास्तव में त्रुटियाँ ढूँढ़ना कोई आसान कार्य नहीं होता है । अपनी कमियों को पहचानकर उनका परिष्कार करना सबसे अच्छी बात होती है। कार्यकुशल व्यक्ति अपने काम में इसलिए दक्ष होता है, क्योंकि वह सदैव आत्मविश्लेषण करता रहता है। अपने काम की जाँच करता रहता है । जैसे ही कोई कमी उसके हाथ लगती है, वह तत्काल उसे दूर करता है। परीक्षा में सफल होने के लिए परीक्षार्थी ध्यान केंद्रित होकर प्रश्नों के उत्तर लिखता है। फिर बार-बार आवृत्ति करता है। बड़े ही सतर्क होकर वह अपनी गलतियों को ढूँढ़कर सुधारता है।

कुंठा का मारा व्यक्ति किसी कार्य-निपुण व्यक्ति के कार्यों में बड़ी ही आसानी से कमियाँ खोज लेता है । उसकी कमियों की चर्चा करके गर्व से फूला नहीं समाता। दुर्भाग्य इसका यह होता है कि वह अपनी गलती देखने में असमर्थ रहता है। उसकी अतृप्त भावना उसे ऐसा करने से रोकती है। अपने अहम् के आगे वह परमात्मा की सत्ता को भी गौण समझता है। अहम् में मदमाता, कुंठाग्रस्त व्यक्ति विफलताओं को समेटते-समेटते पूरा जीवन काट देता है। घोर निराशाएँ ही इनके हाथ लगती हैं।

सफल व्यक्ति इसलिए सफल होता है, क्योंकि वह अपनी कमियों को अपनी शक्ति में परिवर्तित करता है। कार्यकुशल व्यक्ति अपनी गलतियों को स्वीकारने में आनाकानी नहीं करता है।

सफल व्यक्ति अपने आलोचक के प्रति मन मैला नहीं करता। वह निंदक को अपने पास रखता है। अपनी आलोचना सुनकर, वह आत्म विश्लेषण करता है। अपनी कमियों की खाई को पाटता है। अपने विचारों का परिष्कार करता है। बिना साबुन-पानी के ही वह निर्मल हो जाता है। इसी भाव को कवि के शब्दों में इस प्रकार दर्शाया गया है –

निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटी छवाय ।
बिन पानी साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय ।।

कार्य-दक्षता पर विश्वास रखनेवाला इनसान, श्रम को महत्व देता है। कठिन से कठिन रास्ता चुनता है। चुनौतियाँ स्वीकारता है। परिणाम को कम, काम को अधिक मानता है । ऐसा इनसान किसी की कमियाँ नहीं गिनाता । अपना बहुमूल्य समय बरबाद नहीं करता।

महाभारत के शकुनि नामक पात्र से कौन अपरिचित है? वह शक्तिहीन था, कुंठित था और असफल था, इसलिए कुटिल था, चालाक था, धूर्त था। उसके पास भीष्म सा बल या पराक्रम न था। वह अवसरवादी था। षड्यंत्र रचता था। जो गड्ढा दूसरों के लिए खोदता रहा, अन्त में उसी में गिरकर वह समाप्त हो गया ।

गुणी जन कहते हैं कि बुराई का जवाब बुराई से नहीं देना चाहिए। इसमें जितनी शक्ति व्यय होती है, उतने में कार्य-कुशल व्यक्ति कई रचनात्मक कार्य सिद्ध कर लेता है। कार्यकुशल व्यक्ति आलोचनाओं का जवाब देने की गलती नहीं करता है । अपने बल का क्षय करके वह अपनी ही नज़रों में बौना नहीं बनता है। समझदार व्यक्ति अपने समय का सही उपयोग करता है। अपनी रचनात्मकता को माँजता रहता है । कमियों पर नहीं वह खूबियों पर दृष्टि टिकाए रखता है। अपने कौशलों व गुणों को निखारता रहता है ।

उपासक परमात्मा से पवित्रता की माँग करते हुए कहता है कि, **'जातवेदः पुनीहि मा'** – *"हे सर्वज्ञ प्रभु, आप कृपा करके मेरे जीवन को पवित्रता से भर दीजिए। मेरा शरीर स्वस्थ हो, मन निर्मल हो, बुद्धि तीव्र हो, मस्तिष्क में ज्ञान-विज्ञान की ज्योति विद्यमान रहे, आत्मा आपके प्रकाश से दमकती रहे। मेरे जीवन को आप सुजीवन बना दीजिए हे प्रभु ।"*

आलोचक नहीं, हम आत्मनिरीक्षक बनें। बगुले के समान अवसर की ताक में न बैठें । कर्म करें, संघर्ष करें। अपनी बुराइयों पर, कमियों पर सदैव नज़र रखें। जीवन में पवित्र भावनाओं का आवाहन करें। अपनी प्रार्थनाओं को ऊपर उठाएँ। बुरा न देखें, बुरा न सुनें और बुरा न बोलें।

ARYODAYE
Arya Sabha Mauritius
प्रधान सम्पादक : डॉ० उदय नारायण गंगू, *पी.एच.डी., ओ.एस.के., जी.ओ.एस.के., आर्य रत्न*
सम्पादक : श्री बालचन्द तानाकूर, *पी.एम.एस.एम, ओ.एस.के., आर्य रत्न*
सह सम्पादक : श्री सत्यदेव प्रीतम, *बी.ए., ओ.एस.के, सी.एस.के.,जी.ओ.एस.के., आर्य रत्न*
सम्पादक मण्डल :
(१) श्री नरेन्द्र घूरा, *पी.एम.एस.एम, आर्य रत्न*
(२) प्रोफ़ेसर सुदर्शन जगेसर, *डी.एस.सी, जी.ओ.एस.के., आर्य भूषण*
(३) डॉ० विदुर दिलचन्द, *पी.एच.डी.,*
(४) डॉ० जयचन्द लालबिहारी,*पी.एच.डी,आर्य भूषण*
(५) *लीलामणि करीमन,एम.ए.,वाचस्पति*
इस अंक में जितने लेख आये हैं, इनमें लेखकों के निजी विचार हैं। लेखों का उत्तरदायित्व लेखकों पर है, सम्पादक-मण्डल पर नहीं ।
Responsibility for the information and views expressed, set out in the articles, lies entirely with the authors.
मुख्य सम्पादक
Printer : BAHADOOR PRINTING CO. LTD
Ave. St. vincent de Paul, Les Pailles,
Tel : 208-1317, Fax : 212-9038.

In My View

Living With Violence

No one is safe. We may be attacked, maimed or killed even in the privacy of our homes. Desperate people show no mercy.

And yet, there was a time when a different atmosphere prevailed. Those were the days when, in certain localities, in summer whole families could stroll after dinner. Today, our streets are not safe even in broad daylight.

Violence is a worldwide phenomenon. At our end, we must be concerned about the spate of violence which is occurring daily.

Violence is to be found everywhere. We can also witness it at any time. On the roads drivers unhesitatingly abuse each other. We read or hear about how children are involved in brawls with their parents. It is not necessary to go into the gory details.

A certain malaise is prevailing in society. The acts of violence spring from maladjustment, incompatibility, stress, tension, envy, alcoholism, drugs, frustration, greed, sloth and unemployment. There are also those who refuse to work and are in need of money.

People have to respect law and order for the common weal. The authorities are doing their best to control the situation. Nevertheless, we have to be vigilant. We never know where the predator is lurking.

Mithyl Banymandhub

Ved-Goshti at Satyadeo Pritam Vedic Centre

Prof. Soodursun Jugessur, GOSK, Arya Bhushan

Pandit Kaviraj Kheddoo organized a Ved_Goshti on 6 September 2021, under strict sanitary protocols, with the participation of Shri Ravindra Singh Gowd, Shri Satyadeo Pritam, Pandit Jayanarayan Gajadhur, other Pandits and Panditas, and myself. Pandit Kheddoo chaired the meeting. The main topic was to reflect on the Ved mantra Rig 10/122/2. It was a laudable initiative of Pandit Kheddoo who deserves congratulations. The whole program was recorded.

Shri Gowd, using power point presentation, gave a scientific explanation of the atmosphere above us, with the Troposphere below the stratosphere. It is nearest, up to 12 kilometers. It has been found that there are only eight planets. The sun at the center of the planetary system is 150 million kilometers away from the earth. He said that during a Hawan ceremony, the burnt saamagri and the ghee do vaporize, and the fine particles disinfect the surroundings, but do not go beyond the Troposphere, as usually claimed. Some prticipants believe that the fine particles, as well as the prayer do reach the sun.

Shri Pritam elaborated on the origin of the Vedas and their main contents. Being of divine origin they are a storehouse of knowledge in many fields, including science and medicine. Their contents cannot be questioned. Since the Vedas were written in classical Sanskrit, and there has been many misinterpretations of some words and mantras, he referred to Swami Dayanand's book Rigved Bhasya Bhumika where the etymological origin of the words have been given. Words can have different meanings and it is essential to take the meaning in the relevant context. Like when somebody is leaving on a trip and asks his servant to bring Saindhava, the latter has to bring his horse, and not salt. The word saindhava also means salt. But the context is the travel and not food. So the servant has to bring the horse. He also stressed that after the sandhya, one should read the Vedas and try to understand the contents.

Pandit Gajadhar, elaborating on the Rigved mantra that stressed on Agni, said that the mantra spoke on three major issues of Prem, Karma and Gyan with their respective meanings. Prem is foremost, an essential element in life and behavior. Whatever one does, one has to do it with heart and soul in it. Karma has to be done based on Dharma, with Manu's ten characteristics of dharma. Unfortunately this is not followed. Gyan is also important for doing the right karma. Otherwise mistakes follow. Proper knowledge is then the start of any action. He also said that proper prem is based on dama and kshama. Self-control and forgiveness are integral to proper prem.

These interventions were followed with reactions from the participants who sought clarifications on a few issues. Again issues of Prem, Karma and Gyan were mentioned. Upasana was fundamental. People hardly stress and practice it. Atma Shakti was essential for Upasana.

As I was to say something as the concluding remarks, I commented on the scientific aspect of yajnas and their positive effects on environment. Some mantras that are recited have scientific basis, and are not questionable. It's their interpretation that has to be appropriate. The Rishis in their inspiration while meditating composed the mantras. Many mantras have the three aspects of ' stuti, prathna, and upasana', with praise of God's powers, prayer and meditation on the Divine. People have the tendency to just recite the mantras without making an effort to understand their inner meaning. The purohits who conduct the hawan must make an effort to explain the mantras, at least some of them. Otherwise it becomes just a ritual. On the issue of Dharma I elaborated on Rishi Manu's definition of Dharma with it's ten characteristics. Unfortunately people interpret it as simply religion. The pursuit of Dharma is essential for self and global development.

After the conclusion, with thanks for the participants and Shanti path, food was offered after reciting the relevant mantra preceding food.

कर्मनिष्ठ समाज-सेवी : श्री मोहनलाल मोहित जी

आर्य जगत् के प्रणेता पिता तुल्य गुरु देव दयानन्द जी ने आर्यसमाज के नवें नियम में दर्शाया है कि 'सब की उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिए और यह सिद्धान्त अपनाने से ही आज तक आर्यसमाज प्रकाशमान और गतिशील है।

हमारे देश में सन् १९०३ से आर्यसमाज स्थापित है और यदि आज तक कायम और कार्यरत है तो तपस्वी त्यागी उपकारी एवं कर्मठ सेवियों के योगदान से तथा उन्हीं लोगों में से एक हमारे आर्य सभा के भूतपूर्व आर्य नेता श्री मोहनलाल मोहित जी है। आप अपने जीवन का अत्यधिक समय सामाजिक सेवा में लगाकर समाजों को उन्नत करने में लगे रहे। वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार में आपका बड़ा हाथ रहा। आज आप धर्म प्रेमी एवं प्रशस्त समाज सेवी से अलंकृत हैं ।

बाईस सितम्बर को आपकी एक सौ उन्नीसवीं वर्षगाँठ है। इस खास अवसर पर कृतज्ञता से श्रद्धांजलि स्वरूप उनके शिक्षाप्रद प्रेरणादायक एवं उपकारमय जीवन पर चिंतन-मनन करना उचित है । उनका सराहनीय एवं उल्लेखनीय जीवन भावी पीढ़ी के लिए है एक मिसाल ।

उनके मान में पेश है एक लघु कविता –

सादगी और बुद्धिमता की झलक से सजा जीवन ।
धर्म, अर्थ, कर्म के निःस्वार्थ सेवा से खिल उठा समाज का रंगमंच ।
दिव्यता से पाये थे आत्मा महान्,
कृतज्ञता से स्वीकारा शतायु का वरदान,
सौभाग्य से थे धार्मिक एवं श्रमिक माता-पिता की संतान।
श्रम और स्वाध्याय से सजी दिनचर्या में रहते मग्न ।
उभरते जीवन में बने उद्योगपति और शिष्ट सज्जन ।
सफल उद्योगपति बनकर किया धन उपार्जन ।
धर्म एवं कर्म के अनुरागी हुए समाज पर मेहरबान ।
यौवन काल से ही थे सत्संगी आगे बने समाज प्रेमी ।
आर्यसमाज की मान्यता से प्रभावित बने आर्यसमाज सदस्य।
कालांतर में आर्यसमाज का नवजागरण था मंद ।
मातृ सभा से जुड़कर समाज उत्थान में बढ़ाये कदम ।
घर-परिवार के स्वामी साथ में बने समाज के मोहन ।
वैदिक धर्म के प्रचार, प्रसार एवं समाज निर्माण के बने व्रती ।
दृढ़ विश्वास और लगन से तन-मन-धन के निछावर से बने समाज के कद्रदान ।
देश विदेश के आर्य जनों के संपर्क से आर्य जगत् में बढ़ा मान
स्थिर निधि के सुप्रबंध से धन बढ़ाने का प्रयोजन रहा उत्तम ।
गंभीर विचारों और उचित कार्य से सेवा रहा सुगम ।
जीवन की शाम को ढलना था तो ढली लेकिन समाज का काम न पड़ा मंद न फीका
पड़ा रंग बल्कि उनके आदर्शों की छाया से कार्यों में और आया निखार ।
देश भर के समाज में अपनी छाप छोड़ गये ।
आज प्रत्येक आर्य मंदिर बना हुआ है वैदिक ज्ञान का उद्गम ।
सदैव धन्य रहे ऐसे देव दयानन्द के अनुयायी ।
वैदिक धर्म को उजागर करने के वास्ते धरे आर्यसमाज में पाँव ।
निःस्वार्थ भाव से की सेवा समाज का हुआ कल्याण ।
*एक महान् आत्मा को मिला उत्तम परिधान वेद वाक्य **'जीवेम् शरदः शतम्'** का रखा मान ।*
एक सात्विक जीवन के थे मिसाल ।
हम से बिछड़े बीत गये सोलह साल ।
पर आज भी हम हैं उनकी कला कीर्ति से निहाल ।
नज़र आते तो नहीं पर यादों में है वास ।
आगे भी भूलना है नामुमकिन जब कि हम में है उनकी आस ।
वन्दनीय स्मरणीय आत्मा को नमन ।

श्रीमती भगवन्ती घूरा

रिपाई आर्यसमाज में सामाजिक व धार्मिक गतिविधियाँ

'कोरोना वाईरस' महामारी अब तक चहुँ ओर फैली हुई है। घर से बाहर निकलने का भय है। फिर भी रिपाई आर्यसमाज के सदस्यों से श्रावणी मास के अन्तर्गत घर में बन्द बैठा नहीं रहा गया। कोविद उन्नीस के नियमों का पालन करते हुए, इस समाज के सदस्यों ने साप्ताहिक यज्ञ चालू रखा, जिसके दौरान देवयज्ञ, वेद पाठ, प्रार्थनाएँ एवं वेद-मन्त्र-व्याख्यान का सिलसिला जारी रहा। पंडिता लीलामणि करीमन ने यज्ञ-सत्संग, वेद-पाठ का दायित्व भली-भाँति सम्भाला। मंदिर के अभाव में यह कार्य सदस्यों के घर-घर में सम्पन्न हुआ। पंडिता जी एक तो प्रतिदिन अपने गृह पर अग्निहोत्र के साथ यजुर्वेद के एक अध्याय के मन्त्रों से आहुतियाँ देती थीं। इसमें उनके पति एवं बच्चों का भी साथ रहा। इसके अतिरिक्त सदस्यों के घर में यज्ञ के दौरान वेद-मन्त्रों से आहुतियाँ दिलाई गईं और उनतीस अगस्त को पूर्णाहुति सम्पन्न हुई - समाज के उपप्रधान श्री विजय रामचरण जी के गृह पर। परन्तु यज्ञ का सिलसिला चातुर्मास्य के अन्तर्गत अभी भी जारी है। जिनको श्रावणी मास में यज्ञ करने का अवसर नहीं मिला, उन्होंने अपनी सुविधानुसार के अनुकूल आगे के दिनों में भी अपने यहाँ यज्ञ करना उचित समझा। अतः सदस्यों की रुचि को ध्यान में रखते हुए यज्ञ, वेद-पाठ का कार्य आगे बढ़ता जा रहा है ।

मात्र पाँच साल हुए जब से रिपाई आर्यसमाज में नवजागरण हुआ है। इन पाँच सालों के दौरान समाज ने अनेक गतिविधियों का आयोजन किया । यथा (१) सत्यार्थप्रकाश पर आधारित तीन दिवसीय गतिविधायाँ, जिनमें गण्यमान्य विद्वानों के व्याख्यान होते रहे, (२) प्रश्न मंच (Quiz Competion), (३) निबन्ध प्रतियोगिता, (४) धार्मिक एवं राष्ट्रीय त्योहारों का उत्साहपूर्वक मनाना, (५) हिन्दी कक्षाएँ, मन्त्र-पाठ-शिक्षण (६) युवा-पीढ़ी के लिए Empowerment Programme, आदि।

रिपाई आर्यसमाज का वर्तमान उद्देश्य है – एक विद्या मंदिर का निर्माण, जिसके लिए ज़मीन तो है, किन्तु Building Permit के मिलने की देरी है । हमें आशा है कि यह वर्ष इस उद्देश्य को पूर्ण करने में हमारा साथ दे, ताकि हम अन्य उद्देश्यों को लेकर आगे बढ़ सकेंगे ।

प्रेषक

अमीचन्द करीमन,

रिपाई आर्यसमाज के मन्त्री